## सार-समाचार

### सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था जांची

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। वर्तमान परिपेक्ष्य के मध्यनजर महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर विकासकुमार द्वारा जिला जैसलमेर से लगती भारत पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के सुरक्षा इंतजामात के संबंध में बीएसएफ अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के साथ बैठक कर विशेष दिशा निर्देश दिए गए। बीएसएफ अधिकारियों के साथ बॉर्डर ऐरिया का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए। बॉर्डर ऐरिया पर स्थित सीमा चौकियों का भ्रमण कर जवानों से रूबरू होकर उनका हौसला अफजाई किया गया। भारतमाला रोड़ का जायजा लिया जाकर पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। महानिरीक्षक पुलिस रेंज जोधपुर बॉर्डर ऐरिया में रहने वाले ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। बॉर्डर ऐरिया पर रहने वाले ग्रामीणों एवं आमजन को सोशल मीडिया पर तथ्यहीन पोस्ट व भ्रामक खबर अपलोड नहीं करने की समझाईश की गई।

### आईनाथ गौशाला का निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (निसं)। जिला प्रभारी सचिव ओ. पी. बुनकर अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान शुक्रवार को आईनाथ गौशाला के निरीक्षण को पहुंचे। जिला प्रभारी सचिव ओ. पी. बुनकर ने गौशाला में मौजूद गोवंश की संख्या की जानकारी लेते हुए गोवंश के लिए उपलब्ध चारा और पानी की व्यवस्थाओं को देखा। गौशाला में गोवंश के भरण-पोषण के लिए भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने और प्रतिदिन हरा चारा की उपलब्धता कराए जाने के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए गोवंश के चारा-पानी में कोई कमी नहीं आए। साथ ही गोवंश की सुरक्षा, चिकित्सा, छाया आदि का भी पुख्ता ध्यान रखा जाए। वहीं निर्देश दिये कि समय समय पर गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक उपचार दिया जाए। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान को गौशाला के लिए बिजली, पेयजल एवं आवश्यक भूमि उपलब्ध करवाने के संबंध में निर्देश दिये। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नितिन गहलोत भी साथ रहे।

### पंकज पुरोहित ने फीडबैक लिया

**पाली**,(नि.सं.)। राजस्थान वित्त निगम के महाप्रबंधक पंकज पुरोहित शुक्रवार को पाली पहुंचे। उन्होंने पाली शाखा में उद्यमियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में उन्होंने उद्यमियों से निगम के बारे में फीडबैक प्राप्त कर निगम की योजनाओं के सरलीकरण के बारे में विस्तार से बताया। राजस्थान वित्त निगम पाली के शाखा प्रबंधक सलिल मिंज ने बताया की वित्त निगम ने अपनी योजनाओ में प्रोसेसिंग शुल्क में काफी कमी की है तथा गुड बोरोवर स्कीम में भुगतान अवधि जो पहले पांच वर्ष होती थी उसको बढ़ाकर अब सात वर्ष कर दी है, इससे उद्यमियों पर ऋण भुगतान का भार कम पड़ेगा। युवा उद्दिमता योजना की विस्तार से जानकारी दी गयी, आयोजित बैठक में जिला उद्योग एव वाणिजय केंद्र महाप्रबंधक सैय्यद रज्जाक अली, रीको की सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सौरभ यादव और चूड़ी उद्योग संघ के सचिव मो. असलम सहित पाली जिले के कई उद्यमियों ने भाग लिया।

### आतंकवादियों को फांसी देने की मांग

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। विश्व हिन्दू परिषद ने पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष हिन्दू यात्रियों की नृशंस हत्या एवं पाक-प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर जैसलमेर में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने हनुमान चौराहे पर पाकिस्तान का झंडा जलाया। पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला भी जलाया गया। विहिप के जिला मंत्री लालूसिंह सोढ़ा ने बताया कि हमने आतंकवाद का पुतला दहन कर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और आतंकवादियों को पकड़कर फांसी देने की मांग की है।

### नगर परिषद् में लेने का विरोध जताया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर की ग्राम पंचायत अमरसागर को नगरपरिषद के शहरी क्षेत्र में शामिल करने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया एवं कलेक्टर प्रतापसिंह को ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि अमरसागर को पूर्ववत ग्राम पंचायत के रूप में ही बनाए रखा जाए। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो वे आगामी 6 मई को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे। साथ ही आगामी चुनावों का बहिष्कार भी करेंगे।

# बजट घोषणाओं व हीटवेव प्रबंधन की समीक्षा की

**जालोर**, (कासं)। जिले के प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं व हीट वेव प्रबंधन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रभारी सचिव ने बजट घोषणाओं के तहत जालोर से झालावाड़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, जसवंतपुरा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, जालोर नगरीय क्षेत्र में महिलाओं हेतु पिंक टॉयलेट निर्माण, सांचौर के डेडवा में एग्रो फूड की स्थापना, शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए अमृत 2.0 कार्यक्रम, सरनाऊ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना सहित विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने वोकल फार लोकल के तहत "वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट" पॉलिसी के अंतर्गत स्थानीय उत्पाद मोजड़ी जूती को बढ़ावा देने, राजकीय सहायता प्रदान करने व उनके कौशल उन्नयन के उद्देश्य से जूती कारीगारों का जीएसटी की टैक्स फ्री की श्रेणी में पंजीयन करवाने के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक को निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत जिले में प्रगतिरत कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर एफएचटीसी कनेक्शन जारी करने के कार्य में तेजी लाकर लक्ष्यानुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रात्रि चौपालों में ग्राम स्तर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलवाने तथा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कृषि सिंचाई योजनाओं सहित केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की बात कही। प्रभारी सचिव ने उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा के अधिकारियों को जिले के युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुरूप "नई किरण नशा मुक्ति केन्द्रों" की क्रमिक रूप से महाविद्यालयों में स्थापना करने, ई-प्लेज दिलवाने, बड्डी सिस्टम-पीयर ग्रुप के माध्यम से नशे पर अंकुश लगवाने, नशामुक्ति केन्द्रों की प्रभावी निगरानी करने तथा नशे से दूर रहने को लेकर काउंसलर व हैल्थ एक्सपर्ट के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने को लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नशामुक्ति के खिलाफ शिक्षण संस्थानों में सेमिनार, आशुभाषण व चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का भी नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत जिले में वर्षा ऋतु से पूर्व पौधारोपण की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने, नर्सरियों में लक्ष्यानुरूप नई पौध तैयार करने तथा सुरक्षित साइट सलेक्शन को लेकर कृषि, वन, शिक्षा, पंचायतीराज, उद्यान व जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया। प्रभारी सचिव ने ग्रीष्म ऋतु में जिले में हीट वेव की स्थिति को देखते हुए पेयजल, डिस्कॉम एवं मेडिकल विभाग के अधिकारियों को हीट वेव्स से निपटने के लिए तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी एवं डिस्कॉम के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही ताकि पेयजल आपूर्ति के दौरान निम्न वोल्टेज की समस्या उत्पन्न न हो। इस मौके पर प्रभारी सचिव ने नगर परिषद के अधिकारियों को छाया, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**गुड़ामालानी**, (निसं)। दादा अमीरूदिन हैदर की दरगाह पर बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले की निंदा कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। लाखू खान मोयला, सदर जफर खान कोटवाल, खजांची रमजान खान, गफूर खान, इलियास खान, मास्टर सुभान खान, जफर कुरेशी, नूरा खान आदि मौजूद थे।


### कार्यालय नगरपालिका बाली (पाली) राज.

क्रमांकः-न.पा.बा./2025-26/197 दिनांक 23.04.2025


—:: आपत्ति सूचना ::—

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पालिका में निम्न दरख्वास्त रजिस्टर्ड लिखित बेचान पट्टा मय अन्य दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत कर सम्पति हस्तान्तरण / निर्माण ईजाजत / 69-क पट्टा के लिए आवेदन पत्र पेश किये है। आवेदन पत्र में वर्णित प्रस्तावित स्थल एवं आवेदक के संबंध में किसी भी सज्जन, संस्था, विभाग या अन्य किसी को किसी तरह की उजर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के सात दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित मय सबुत पेश कर उक्त पत्रावली का अवलोकन कर सकते है। बाद म्यांद किसी तरह की सुनवाई नही होगी व पालिका द्वारा आवेदनकर्ता के नाम सम्पति हस्तान्तरण / निर्माण ईजाजत / 69-क पट्टा करने की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगी। सूचित रहें। निम्न आवेदनकर्ता :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | विवरण | स्थल का पता | अडौस पडौस चतुर्थदर्शी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेशचन्द पुत्र जीवाराम राणावत जी जैन | भवन निर्माण | नवापुरा की बास, बाली | उत्तरः- दरवाजा व रास्ता दक्षिणः- खालसा गली व रास्ता पूर्वः- नरेन्द्र राणावत पुत्र जीवराज का मकान, पश्चिमः- विजय कुमार पुत्र कुन्दनमल का मकान |
| 2. | राजेन्द्र पुत्र सुकनराज | 69-क | विमलपुरा,बाली | उत्तरः- मकान री पूठ छै ने लारे पीरोयतो रो वास छै दक्षिणः- मकान रो बेरणो छै ने सामने राज पन्थ मार्ग बेवे छै पूर्वः- सा अनोपचंद सेसमल रो मकान छै, पश्चिमः- ठाकुरजी रे मन्दिर रो मकान छै |
| 3. | राजेन्द्र, महेन्द्र,नरेन्द्र पुत्रगण सुकनराज सिंघी | 69-क | खेतलाजी का बास, जूना मन्दिर, बाली | उत्तरः- दलीचंद पुत्र जवेरचंद जैन का मकान दक्षिणः- देवीचंद रो मकान पूर्वः- दरवाजा व राजपंथ मार्ग, पश्चिमः- दरवाजा व राजपंथ |
| 4. | मुकेश कुमार वैष्णव पुत्र चुन्नीलाल विकास वैष्णव पुत्र मुकेश कुमार वैष्णव | भवन निर्माण | पारलावा जाव, बाली | उत्तरः- भूखण्ड संख्या 128 दक्षिणः- भूखण्ड संख्या 126 पूर्वः- भूखण्ड संख्या 160, पश्चिमः- आम रास्ता व दरवाजा |
| 5. | देवाराम पुत्र पुरखाराम | सम्पति हस्तान्तरण | स्टेट बैंक रोड, बाली | उत्तरः- आम रास्ता व दरवाजा दक्षिणः- केसाराम रूपाजी लुहार का प्लोट पूर्वः- गली खालसा 5 फीट, पश्चिमः- जयन्तिलाल पुत्र स्व.जगनदास को बख्शीश किया गया भूखण्ड |
| 6. | सादलाराम पुत्र धनाराम | सम्पति हस्तान्तरण | बोया, बाली | उत्तरः- सुभाष पुत्र मीठालाल जैन का मकान दक्षिणः- गोविन्द सिंह कम्पाउण्डर का मकान पूर्वः- आम रास्ता व दरवाजा, पश्चिमः- खालसा गली |
| 7. | किरणराज पुत्र अचलचन्द सिंघवी | 69-क | स्टेट बैंक के पास, बाली | उत्तरः- मोहनलाल पुत्र वनेचंद सिंघवी का प्लॉट। दक्षिणः- भागचंद जी के हिस्से को प्लॉट। पूर्वः- दरवाजा व आम रास्ता, पश्चिमः- गफतर नाला। |
| 8. | किरणराज पुत्र अचलचन्द सिंघवी | 69-क | स्टेट बैंक के पास, बाली | उत्तरः- खालसा गली। दक्षिणः- खालसा गली। पूर्वः- रावल मगिया का मकान।, पश्चिमः- दरवाजा व आम रास्ता। |
| 9. | मंगीलाल पुत्र गजाराम | भवन निर्माण | गुली के तालाब, सुभाष बस्ती, बाली | उत्तरः- खालसा भूमि 10 फीट जो खांचा भूमि के रूप में बेचान हो चुकी है। दक्षिणः- भू-खण्ड संख्या 65 का शेष भाग। पूर्वः- आम रास्ता 20 फीट। पश्चिमः- आम रास्ता 20 फीट। |
| 10. | हीरालाल परमार पुत्र किस्तुरचन्द परमार | भवन निर्माण | सुथारों का जाव, बाली | उत्तरः- रास्ता 20 फीट व दरवाजा दक्षिणः- भुखण्ड संख्या 29 पूर्वः- भुखण्ड संख्या 25 पश्चिमः- आम रास्ता व दरवाजा। |
| 11. | जबर सिंह पुत्र रामसिंह | 69-क | सादो का बास, बाली | उत्तरः- मोहनराज पुत्र केशरीमल का मकान, जो कल्याणमल उर्फ उत्तमचंद मोहनराज जी के बंट में आया, दक्षिणः- स्व. मुलदास वैष्णव का मकान, पूर्वः- आम रास्ता व दरवाजा, पश्चिमः- पूठ में खालसा गली। |

राज.संवाद/सी/25/1271 अधिशाषी अधिकारी








### कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )

Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/652 दिनांक : 22/04/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्री गौतम रावल पुत्र छगनलाल रावल, जाति - रावल, निवासी - सियाणा तह. , व जिला जालोर, हाल -शिवाजी नगर कॉलोनी, जालोर में एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भुखण्ड जालोर "सी" की आबादी भुमि के खसरा नंबर -2380 में लेटा रेल्वे फाटक के निकट प्रेमनगर कॉलोनी, जालोर में मेरा एक भुखण्ड आया हुआ है, जिसका पट्टा, रजि. -27, लीजडीड संख्या - 202 A/2019-20, दिनांक - 21/12/2021 को श्री श्रीमती नर्बदा पत्नी श्री कालुराम सॉखला, के नाम से नगर परिषद जालोर द्वारा जारी किया गया है। उक्त भुखण्ड को श्रीमती नर्बदा पत्नी श्री कालुराम सॉखला एवं मुख्त्यारआम गौरव पुत्र कालुराम सांखला, ने श्रीमती एकता फोफलिया पत्नी रमेश कुमार फोफलिया को दिनांक 26-07-2022 को बेचान किया। उसके बाद श्रीमती एकता फोफलिया ने श्री गौतम रावल पुत्र छगनलाल रावल, जाति - रावल ब्राहम्ण को दिनांक 26-10-2024 को बैचान किया। प्रार्थी ने अपने नाम से नांमातरण चाहा गया है। उक्त आवासीय प्लॉट संख्या - बी -12 का क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट एवं पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है

उत्तर :- आवासीय प्लॉट सं. - बी -13, यह भुजा 50 फीट है।
दक्षिण :- आवसीय प्लॉट सं.-बी -11, यह भुजा 50 फीट है।
पूर्व :- 30 फीट चौडा रास्ता, यह भुजा 30 फीट है ।
पश्चिम :- आवासीय प्लॉट सं.- बी -5, यह भुजा 30 फीट है।

अत: सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा।

अवगत रहें। आयुक्त, नगर परिषद, जालोर



### कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

क्रमांक/नपजा/राजस्व/आपत्ति विज्ञप्ति/ 2025/803 दिनांक : 24/04/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्री विक्रमा पुरी पुत्र अशोक पुरी, जाति - गोस्वामी, निवासी - गोडिजी मन्दिर के पीछे, रामपुरा कॉलोनी जालोर ने एक भुखण्ड / मकान नामांतरण एवं उपविभाजन प्रमाणपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भुखण्ड जालोर की आवासीय आबादी भुमि सामतीपुरा रोड ( सरुपुरा रोड ) पर जालोर " ए " के खसरा नम्बर 1942 में आया हुआ है उक्त आवासीय भूखण्ड का पट्टा कार्यालय नगर पालिका जालोर द्वारा पट्टा शाश्वत लीज प्रकरण संख्या 681/2006-07, रजिस्टर संख्या 08, लीजडीड संख्या 46, वर्ष 2006-07 दिनांक 27.11.2006 को रामलाल पुत्र मेघाजी, जाति -खत्री, निवासी जालोर तह. व जिला जालोर के नाम से जारी हुआ है। जिसका कुल क्षेत्रफल 70X120 =8400 वर्गफीट है। जिसमे से श्री रामलाल पुत्र मेघाजी निवासी -जालोर द्वारा जोगाराम पुत्र सवाजी माली निवासी - भैसवाडा, जिला जालोर को भूखण्ड संख्या ख -02 भूखण्ड साईज 30X70 =2100 वर्गफीट को जरिये रजिस्ट्री दिनांक 05.06.2007 को बेचान किया। बाद जोगाराम पुत्र सवाजी माली, निवासी - भैसवाडा, जिला -जालोर द्वारा श्रीमती मंजूदेवी पत्नी प्रवीण कमार निवासी -राजेन्द्र कुमार, जालोर को भूखण्ड संख्या ख -02 भूखण्ड साईज 30X70 =2100 वर्गफीट को जरिये रजिस्ट्री दिनांक 24.05.2022 को बेचान किया। बाद श्रीमती मंजूदेवी पत्नि प्रवीण कुमार निवासी - राजेन्द्र कुमार, जालोर द्वारा श्रीमती पुष्पा गोस्वामी पत्नी अशोक पुरी निवासी- गोडिजी मन्दिर के पिछे रामपुरा कॉलोनी, जालोर को भूखण्ड संख्या ख -02 भूखण्ड साईज 30X70 =2100 वर्गफीट को जरियें रजिस्ट्री दिनांक 10.01.2025 को बैचान किया तथा श्रीमती पुष्पा गोस्वामी पत्नी श्री अशोक पुरी, निवासी- गोडिजी मन्दिर के पिछे रामपुरा कॉलोनी जालोर द्वारा अपने पुत्र विक्रम पुरी पुत्र श्री अशोक पुरी को भूखण्ड संख्या ख -02 भूखण्ड साईज 30X70 =2100 वर्गफीट जरिये रजिस्ट्री दिनांक 12.02.2025 को बख्शीश किया। इस प्रकार श्री विक्रम पुरी पुत्र अशोक पुरी, जाति- गोस्वामी निवासी- गोडिजी मन्दिर के पिछे, रामपुरा कॉलोनी जालोर अपने भूखण्ड कुल क्षैत्रफल 30X70 =2100 वर्गफीट का प्रार्थीगण द्वारा अपने नाम से नांमातरण उपविभाजन चाहा गया है

उक्त प्लॉट के पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :-

उत्तर :- मसरारमा माली का आवसीय प्लॉट सं. ख 01 है यह भुजा 70 फीट है।
दक्षिण :- कुईयाराम घांची का आवासीय प्लॉट सं. ख 03 है यह भुजा 70 फीट है ।
पूर्व :- आवासीय प्लॉट सं. ख 09 है यह भुजा 30 फीट है।
पश्चिम :- 30 फीट चौडा रास्ता व निकाल, यह भुजा 30 फीट है।

अत: सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी और नियमानुसार नामान्तरण एवं उपविभाजन प्रमाणपत्र जारी कर दिया जायेगा।

अवगत रहें। आयुक्त, नगर परिषद, जालोर



### कार्यालय ग्राम पंचायत बाकरारोड़ पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/ग्रापंबा/मनरेगा/2025-26/15 दिनांक: 23/04/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

ग्राम पंचायत बाकरारोड़ मे वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

**NIB No. - ZJR2526A0090**
**UBN No. - ZJR2526GLOB00112**

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, बाकरारोड़, पंचायत समिति जालोर ( राज)

सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत,बाकरारोड़, पंचायत समिति जालोर ( राज)